RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-30 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 03 सितम्बर से 09 सितम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# रेपिस्टों को फांसी देने में कितने रोड़े? क्या ममता का अपराजिता बिल बन पाएगा महिला सुरक्षा की गारंटी

**कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में हुए रेप कांड के बाद ममता सरकार अब महिला अपराधों को लेकर कानून सख्त करने जा रही है. इसे लेकर बिल विधानसभा में पास भी हो गया है. ममता सरकार ने रेप के मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द सजा देने के मकसद से कानून में संशोधन किया है।**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और उसके बाद हत्या का मामला चर्चा में बना हुआ है. मुख्य आरोपी संजय रॉय को गिरफ्तार कर लिया गया है. उसे फांसी देने की मांग हो रही है. इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रेप के मामलों में फांसी की सजा देने के लिए एक नया बिल पास कर दिया है. बिल में रेप के दोषियों को फांसी की सजा देने का प्रावधान है.

रेप के दोषियों को फांसी की सजा का प्रावधान पहले से ही कानून में है. हर साल रेप के कई मामलों में दोषियों को फांसी की सजा सुनाई भी जाती है. लेकिन बीते 20 साल में रेप और मर्डर के मामले में पांच दोषियों को ही फांसी की सजा मिली है।

### क्या फांसी की सजा ही विकल्प है?

दोषियों को मौत की सजा देने का विरोध भी होता है. सुप्रीम कोर्ट ने भी कई फैसलों में माना है कि मौत की सजा केवल रेयरेस्ट ऑफ द रेयर% मामलों ही दी जानी चाहिए. 1980 में बचन सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले में फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि उम्रकैद नियम है, जबकि सजा-ए-मौत अपवाद है।

1983 में मच्छी सिंह बनाम पंजाब सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पांच ऐसी परिस्थितियां तय की थीं, जिनमें अदालतें दोषी को फांसी की सजा दे सकती थीं. ये परिस्थितियां थीं- हत्या करने का तरीका,



**एंटी रेप बिल में कौन-कौन से प्रावधान?**

हत्या का मकसद, अपराध की असमाजिक या घृणित प्रकृति, अपराध की भयावहता और पीड़ित का व्यक्तित्व. इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा था कि अदालतों को अपने फैसले में ये भी साफ करना होगा कि क्यों दोषी को आजीवन कारावास की सजा देना नाकाफी था और मौत की सजा देने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था।



# झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली में 12 अभ्यर्थियों की हुई मौत

**रांची - झारखंड में हो रहे उत्पाद सिपाही की दौड़ पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रोक लगा दी है. साथ ही नियमावली की समीक्षा करने का निर्देश जारी कर दिया. बहाली प्रक्रिया में भाग लेने गये अभ्यर्थियों की हो रही मौत की वजह से सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा. पुलिस इस मामले की जांच कर रही. वहीं, विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर था.**

### किन वजहों से हो रही मौत

ऐसे में अब सवाल ये उठता है किस वजह से अभ्यर्थियों की आए दिन मौत हो रही है. हालांकि इस मामले में पूरी तरह से पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उठेगा. लेकिन चिकित्सकों की मानें तो स्ट्रोक और रक्त का प्रवाह सही तरीके से नहीं होने के कई अभ्यर्थियों की जान गयी है. उनका कहना है कि डिहाइड्रेशन की वजह से अभ्यर्थी बेहोश हो रहे हैं. वहीं दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि बहाली केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधाएं मौजूद है. डॉक्टरों की टीम तैनात रहती है. वहीं, पीने का पानी और ओरआरएस का घोल भी उपलब्ध रहता है.

# दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़, 9 नक्सली ढेर



**घटना की जानकारी के अनुसार, पश्चिम बस्तर डिवीजन में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर पुलिस की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी. 3 सितंबर 2024 की सुबह 10:30 बजे सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी का सामना क्क्स्न की कंपनी नंबर 02 के नक्सलियों से हुआ, जिसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई।**

दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो रही है. अब तक जवानों ने 9 नक्सलियों को मार गिराया है. घटनास्थल से नक्सलियों के शवों के साथ SLR, 303 और 12 बोर के हथियार भी बरामद हुए हैं।

घटना की जानकारी के अनुसार, पश्चिम बस्तर डिवीजन में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर पुलिस की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान पर निकली थी. 3 सितंबर 2024 की सुबह 10:30 बजे सर्चिंग के दौरान पुलिस पार्टी का सामना PLGA की कंपनी नंबर 02 के नक्सलियों से हुआ, जिसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई।

फायरिंग रुक-रुक कर जारी है, और जवान बहादुरी से नक्सलियों का मुकाबला कर रहे हैं. राहत की बात यह है कि इस अभियान में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं।



संपादकीय

**कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के मामले ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तक को निराश कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का गुस्सा जायज है। बंगाल में इस मुद्दे पर हिंसक प्रदर्शन और राजनीतिक टकराव ने स्थितियों को चिंताजनक बना दिया है। टकराव और हिंसक घटनाओं की वजह से हालात बिगड़ते जा रहे हैं।**

# कोलकाता रेप-मर्डर पर राजनीति क्यों? हिंसक तत्वों पर लगाम लगे




कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अगर निराश हैं, तो समझ सकते हैं कि हालात कितने बुरे हैं। राष्ट्रपति का कहना है कि देश के लोगों का गुस्सा जायज है और वह भी गुस्से में हैं। लेकिन इस गुस्से को जाहिर करने के लिए पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुईं, वे कम निराशाजनक या चिंताजनक नहीं।

## सतह पर आक्रोश

BJP ने 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया था। इस दौरान कई जगह से BJP और TMC कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आईं, एक BJP नेता पर हमले का आरोप है। तमाम लोगों को हिरासत में लेना पड़ा। स्थिति यह थी कि सरकारी बस ड्राइवर हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाते दिखे। पिछले कुछ दिनों से जो बंगाल भीतर ही भीतर सुलग रहा था, वह अचानक से फट पड़ा।

## राजनीति का खेल

राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस हो या विपक्ष की BJP, दोनों ही पार्टियां महिलाओं की सुरक्षा चाहती हैं। फिर टकराव की स्थिति कैसे बन गई? इसका सीधा-सा जवाब है पॉलिटिक्स। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को राजनीति का मुद्दा न बनाने की अपील करने वाले नेता भी अपनी जरूरत के मुताबिक बड़े आराम से इसे राजनीति का रंग दे देते हैं। बंगाल में यही हो रहा है।

## हिंसा की तस्वीर

TMC प्रमुख और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने लगभग चेतावनी वाले अंदाज में कहा है कि अगर आग बंगाल में लगेगी तो यूपी, बिहार, असम और दिल्ली भी जलेंगे। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया आ रही है, जो लाजिमी है। लेकिन, सोचने वाली बात है कि क्यों बंगाल बार-बार ऐसे हालात में फंसता है, जहां आग लगने की नौबत आ जाए। राज्य से थोड़े-थोड़े समय पर हिंसा की एक-जैसी तस्वीरें आती रहती हैं।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी का हरियाणा चुनाव में साथ आना कितना फायदेमंद, कितना नुकसानदेह?

**आम आदमी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन की पहल इस बार राहुल गांधी की तरफ से हुई है. पहले ऐसे प्रयास अरविंद केजरीवाल की तरफ से होते थे. लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस बेहतर स्थिति में आई है, जबकि ककका संकटकाल नहीं खत्म हो पा रहा है - अगर हरियाणा एक्सपेरिमेंट सफल रहा तो आगे और भी संभावनाएं हैं।**

हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदल जाने के बाद अब भी एक महीने का वक्त बचा हुआ है. पहले 1 अक्टूबर को मतदान होना था, अब 5 अक्टूबर को वोटिंग होगी. बीजेपी और कांग्रेस की तरह आम आदमी पार्टी ने भी हरियाणा चुनाव अकेले लड़ने की बात कही थी।


आम आदमी पार्टी के कैंपेन का नेतृत्व सुनीता केजरीवाल कर रही हैं, और अपने पति अरविंद केजरीवाल के नाम पर वोट मांग रही हैं. चुनावी रैलियों में वो लोगों से लगातार अपील कर रही हैं कि अपने बेटे को वोट देकर एक मौका दीजिये. बीच बीच में ये भी बताती हैं कि कैसे बीजेपी की केंद्र सरकार ने हरियाणा के बेटे को फर्जी मामले में जेल में डाल रखा है।

2019 में चूक गई कांग्रेस इस बार कोई कसर बाकी नहीं रखना चाहती, और गुजरात तक में अगली बार बीजेपी को हरा देने का दावा करने वाले राहुल गांधी भी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं - और यही वजह है कि राहुल गांधी हरियाणा कांग्रेस के नेताओं से फीडबैक ले रहे हैं. कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक में इस मुद्दे पर काफी गंभीरता से चर्चा हुई है।

कांग्रेस की बैठक से आई खबर के बाद आम आदमी पार्टी की भी प्रतिक्रिया आ गई है. राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने अपनी तरफ से राहुल गांधी के प्रस्ताव का स्वागत किया है, लेकिन ये भी कहा है कि हरियाणा में चुनावी गठबंधन को लेकर फाइनल फैसला उनके नेता अरविंद केजरीवाल ही लेंगे. अरविंद केजरीवाल फिलहाल दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिन्हें ईडी केस में तो सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, लेकिन सीबीआई वाले मामले में अब भी जमानत का इंतजार है।

ध्यान रहे, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन की बात फिलहाल सिर्फ हरियाणा को लेकर ही हो रही है, दिल्ली को लेकर तो बिलकुल नहीं. आप नेताओं के दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद कांग्रेस भी अब अकेले ही तैयारी कर रही है - और अभी का हाल ये है कि दोनो ही पक्ष अपनी अपनी जिद पर अड़े हुए हैं।





पंजाब को छोड़कर दिल्ली सहित कई राज्यों में इंडिया ब्लॉक के बैनर तले चुनाव लड़ चुके कांग्रेस और आप के बीच हरियाणा चुनाव में गठबंधन की बात कहां तक पहुंचती है, देखना होगा - चुनावी गठबंधन का नफा-नुकसान तो बाद की बात है।

### हरियाणा में AAP-कांग्रेस में गठबंधन के संकेत

दिल्ली के अलावा कांग्रेस ने हरियाणा, गुजरात, गोवा और चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के साथ मिल कर चुनाव लड़ा था. लेकिन, कामयाबी सिर्फ चंडीगढ़ की सीट पर ही मिली, जहां से कांग्रेस के मनीष तिवारी संसद पहुंचे हैं. हालांकि, आम आदमी पार्टी ने नतीजे आने के बाद कांग्रेस के साथ लोकसभा चुनाव तक ही सीमित बताते हुए गठबंधन तोड़ लिया था।

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राहुल गांधी ने साथी नेताओं से हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर राय जाननी चाही. और कांग्रेस नेताओं से फीडबैक देने को कहा. अब तक यही देखने को मिला है कि जहां कहीं भी किसी क्षेत्रीय दल से कांग्रेस के नये सिरे से गठबंधन की बात शुरू होती है, पार्टी के स्थानीय नेता दीवार बन कर खड़े हो जाते हैं.

लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में तो सबने देखा ही. कैसे अधीर रंजन चौधरी किसी भी सूरत में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए तैयार नहीं हुए. और अपनी भी सीट गंवा बैठे. अब तो कांग्रेस में भी पैदल कर दिये गये हैं।

## किसान को तलवार मारी

**इन्दौर।** रमेश पिता मोतीलाल वर्मा 45 साल निवासी ग्राम बनेड़िया ने पुलिस को बताया कि वह खेत पर काम कर रहा था तभी नरेश पिता राधेश्याम ने पुराने विवाद को लेकर तलवार मार दी जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## टक्कर से चाचा भतीजे घायल

**इन्दौर।** राजीव गांधी चौराहे पर एक्टिवा सवार महेश पिता लक्ष्मी नारायण सोलंकी और भतीजा जितेंद्र को कार ने टक्कर मार दि जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## गांजा पीते बंदी

**इन्दौर।** बेटमा पुलिस ने भोजपुर कॉलोनी के पास गांजा पीते हुए अर्जुन पिता जगदीश लखन पिता मानसिंह सुरेश पिता केदार और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नसे की पुड़िया बरामद की है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## विधवा से की छेड़छाड़

**इन्दौर।** खजराना थाना क्षेत्र के धीरज नगर में रहने वाली विधवा की शिकायत पर पड़ोसी प्रकाश पिता मदनलाल चौहान के खिलाफ छेड़छाड़ की धारा में केस दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने विधवा को घर में अकेला देखकर छेड़छाड़ की थी।

## झगड़ा करते पांच बंदी

**इन्दौर।** हीरानगर पुलिस ने लहिया कॉलोनी में हंगामा करते हुए अशोक पिता हुकमचंद परमार भारत पिता बाबूलाल चौधरी कमलेश पिता बसंत वर्मा और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## घायल मजदूर की मौत

**इन्दौर।** प्रहलाद पिता सीताराम चौधरी 45 साल निवासी धार की उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक प्रहलाद चार दिन पहले एक मकान में काम करने के दौरान गिरने से घायल हो गया था। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## चाकू सहित चार धराएं

**इन्दौर।** पलासिया पुलिस ने अशोक पिता बाल कृष्णा सुनहरे और गोपाल पिता जगदीश मालवी को पकड़ा। इनके पास से दो चाकू बरामद किए इसी प्रकार पुलिस हीरानगर ने विशाल यादव और कमल तोमर को पकड़ा उनके पास से भी दो चाकू बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया ह।

## किशोरी का अपहरण

**इन्दौर।** भूरी टेकरी में रहने वाली 16 वर्षीय हेमा बदला हुआ नाम परिजन को कम पर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

## छात्र का लैपटॉप चुराया

**इन्दौर।** मनीष पिता हरिश्चंद्र पांडे ने पुलिस को बताया कि वह भोलाराम उस्ताद मार्ग में एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। उसके मुताबिक हॉस्टल से अज्ञात व्यक्ति लैपटॉप चुरा कर ले गया पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया।

## गांजा सहित दो धराएं

**इन्दौर।** तिलक नगर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार भगवती पिता रामचंद्र और देवेंद्र पिता सुनील को पकड़ा इनके पास से 730 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रंजिश में चाकू मारा

**इन्दौर।** नितिन पिता कन्हैया लाल निवासी पलड़ा ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर अशोक पिता लक्ष्मण सेन ने चाकू मार दिया। जिसमें वह घायल हो गया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।





# सीआईएसएफ के अधिकारियों ने सीखे साइबर अपराधों से बचने के तरीके

**इंदौर।** पुलिस द्वारा शहर में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है । इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने सीआईएसएफ के अधिकारियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया है। दंडोतिया में करीब 120 ऑफिसर्स और स्टाफ को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों की जानकारी दी और उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड फाइनेंशियल फ्रॉड के साथ सोशल मीडिया से संबंधित साइबर क्राइम आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। दंडोतिया ने कहा डिजिटल किसी भी काम को करते समय पूर्ण सावधानी रखें फर्जी लिंक ,फर्जी लुभाने ऑफर आदि से बच कर रहे। सोशल मीडिया का संभलकर उपयोग करें और अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें। इस अवसर पर अधिकारी भी उपस्थित रहे जिन्होंने भी साइबर सुरक्षा की महत्वपूर्ण सावधानियां को जाना और पुलिस के अभियान की प्रशंसा की।

# रैपीडो ड्राइवर ने महिला से किया बलात्कार

## आरोपी ने ढाई लाख रुपए लिए और धमकी देकर भाग गया

**इंदौर ।** राहु क्षेत्र में रहने वाली 38 साल की महिला के साथ रैपीडो के ड्राइवर ने बलात्कार किया। महिला ने बस स्टैंड तक जाने के लिए रैपीडो कार बुक की थी। नंबर आने के बाद रैपीडो ड्राइवर ने महिला से दोस्ती कर ली इसके बाद रैपीडो का ड्राइवर उसे लेकर घूमता रहा इस भी आरोपी ने शादी का झांसा देकर महिला से कई बार शारीरिक संबंध बनाएं।

### महिला इवेंट कंपनी से जुड़ी है।

महिला ने पुलिस को बताया है कि रैपीडो ड्राइवर अंकित पाटीदार ने एक दिन बेटे की बीमारी का बहाना बनाकर 2.50 लाख लेकर भाग गया। राहु पुलिस के मुताबिक 7 जून 20 24 को उसने रैपीडो बुक की जिसमें अंकित पाटीदार नाम का ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर वहां आया।

पीड़िता ने बताया कि बस स्टैंड के रास्ते में उसने मुझे मेरे काम के बारे में बात की तो मुझसे कहने लगा मेरे पास इवेंट से जुड़े कहीं काम आते रहते हैं। कुछ होगा तो बताऊंगा इसके बाद वह बातचीत करने लगा। 15 दिन बाद वह मुझे आईआईएम तक ले गया यहां मुझे कार में जबरदस्ती की फिर कहा कि मुझसे शादी करना चाहता है।

इसके बाद दो जगह कार से घूमने ले गया। फिर एक दिन अंकित ने कहा कि वह पहले से शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। फिर एक दिन मुझे बेटे की तबीयत खराब होने का कहकर 2.50 लख रुपए मांगे कहा कि 15 दिन में लौटा देगा। इसके बाद उसने मुझसे बातचीत बंद कर दी। कॉल भी रिसीव नहीं करता था फिर एक दिन वह मुझसे शादी की बात से इनकार करके चला गया और धमकी दी कि किसी से कुछ कहा तो ठीक नहीं होगा इसके बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अंकित पाटीदार के खिलाफ केस दर्ज किया।

## बाइक सवार युवक महिला को टक्कर मारी एक मृत

**इंदौर । मानपुर थाना अंतर्गत गणेश घाट पर बाइक सवार युवक और महिला को अज्ञातवास ने टक्कर मार दी जिसमें युवक की मौत हो गई और महिला घायल हो गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम शक्ति पिता ओम नारायण 40 साल निवासी महाराष्ट्र है। पुलिस ने बताया कि शक्ति मोटरसाइकिल से इंदौर की रहने वाली एक 40 साल की महिला के साथ भेरू घाट क्षेत्र से गुजर रहा था किसी बीच गणेश घाट के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए इन्हें बड़े अस्पताल ले जाया गया जहां शक्ति की मौत हो गई। मानपुर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ के केस दर्ज किया है। इसी प्रकार तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सुमन देवी पति राम नारायण 75 साल पैदल घर जा रही थी तभी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिसकी उपचार के दौरान बड़े अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात कारचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही पिपलियाना चौराहे पर ट्रक की टक्कर से एक्टिवा सवार अभय पिता हरीश शर्मा और धर्मेंद्र पिता अनिल तिवारी घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

# 2 बिल्डरों पर अड़ीबाजी का प्रकरण दर्ज

**इंदौर। द्वारकापुरी पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर दो बिल्डरों के खिलाफ मारपीट धमकाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।**

**इन्दौर ।** प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभिजीत पिता रामलाल मालवीय निवासी ऋषि नगर की रिपोर्ट पर बिल्डर अभिषेक और साथी दीपक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी अभिजीत ने पुलिस को बताया कि वह ऋषि नगर तरफ से अपने घर जा रहा था तभी वहां आरोपी अभिषेक अपने साथी दीपक के साथ आया और शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगे। नहीं दिए तो दोनों ने मारपीट की और धमकी देकर भागगए। इसी प्रकार फरियादी पंकज पिता राजेंद्र तिवारी निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाले आशुतोष शर्मा ने उसके घर के सामने कार खड़ी कर दी। जिसके कारण परिवार को आने जाने में परेशानी हुई तो उसे गाड़ी हटाने को कहा इसी बात को लेकर उसने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# घूरने की बात को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, सात घायल

**इंदौर 2 सितंबर एमआईजी थाना क्षेत्र में घूरने की बात को लेकर दो पक्षों में सरिया डंडे चले जिसमें सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी प्रियंका पति गोपाल लश्करी निवासी नेहरू नगर ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर 3:00 बजे मैं घर पर थी तभी घर के सामने रहने वाली प्रियंका शर्मा घर के बाहर मुझे गालियां देने लगी मैंने गाली देने से मना किया तो उसने अपने पति प्रवीण शर्मा के साथ मिलकर मारपीट की मेरे दोनों बेटे दिव्यांश और प्रियांश बीच बचाव करने आए तो प्रवीण ने दोनों पर डंडे से हमला किया और धमकी दी कि अगर अगली बार से बुरा तो जान से मार देंगे। वहीं दूसरे पक्ष की साधना पति मनीष शर्मा ने पुलिस को बताया कि प्रियंका मेरे बेटे को घूरने की बात को लेकर मुझे गालियां दे रही थी मैंने गाली देने से मना किया तो उसका पति गोपाल सरिया लेकर आया और मेरे सिर पर मार दिया मेरी भतीजा बहू प्रियंका शर्मा बचाने आई तो उसे पर भी हमला कर दिया इसी दौरान मेरा बेटा दक्ष बचाने के लिए आया तो उसे गोपाल ने चाकू मार दिया और सभी धमकी देकर फरार हो गए।

# श्री माताजी के अवतरण का उद्देश्य और उनकी क्रांतिकारी खोज



**श्री माताजी का मूल उद्देश्य था मनुष्यों का पूर्ण आन्तरिक परिवर्तन वे तो अपने बचपन से ही जानती थीं कि उन्हें ही यह महान कार्य करना है। अपने इस अवतरण की आवश्यकता एवं महत्व के विषय में उन्होंने स्वयं बताया है-**

''मैं आदिशक्ति हूँ। आदि शक्ति ही यह कार्य कर सकती है क्योंकि ये सब चक्रों (मानव शरीर में स्थित) का कार्य जानती है। उन्हें मानव जाति में आकर मानव रुप में अवतरण लेना पड़ा जिससे कि वे समझ सकें कि मानव के अन्दर क्या-क्या दोष है, और फिर वो दोष निकालने के लिए क्या-क्या करना चाहिए। इन दोषों के रहते हुए भी कुंडलिनी जागरण कैसे हो जाए? कैसे ब्रह्मनाड़ी में से कुंडलिनी को जागृत कर दिया जाए जिससे कि मनुष्य आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त कर ले... जिस परमात्मा ने यह सृष्टि बनाई है,जिसने ये सारा संसार रचा है, वे कभी नही चाहेंगे कि यह संसार मनुष्य के हाथों बर्बाद हो इसलिए यह कार्य अत्यंत विशाल है... काफी मेहनत का कार्य है पर यह सिर्फ माँ ही कर सकती है, माँ की ही शक्ति है जो इस कार्य को कर सकती है और उसमें प्यार, सहनशीलता और सूझ-बूझ न हो तो वह कर ही नही सकती,इसलिए मेरे इस अवतरण की बड़ी महत्ता है।

....ये कार्य ऐसा था जिसमें सभी देवी-देवताओं का सभी अवतारों का और सभी महापुरुषों का सबका आना जरुरी था,अपने शरीर में उन्हें धारण करके इस संसार में अवतरित होना था और इसलिए मेरा यह अवतरण हुआ सारे संसार का उत्थान जो होना है।''

**श्री माताजी तो जगज्जननी है आदि शक्ति है ।उन्होंने ही मनुष्य का सृजन किया है। वे उसके विषय में सब कुछ जानती है,मनुष्य का भविष्य तो उन्होंने ही निर्धारित किया है और वे ही उसकी वर्तमान की सभी समस्याओं का समाधान करेंगी ।वे बता रही है--**

'' मनुष्य ही पूरी सृष्टि में सबसे अधिक विकसित जीव है तथा उसमें गरिमामय व्यक्तित्व तथा सुंदर एवं शान्त देवदूत बनने की योग्यता है।''

'' मेरे लिए अधिकतर मनुष्य उन देवी देवताओं की तरह से हैं जो पाषाण मूर्तियों के रुप में है जिन्हें कुंडलिनी जागृति द्वारा फरिश्ते बनाया जा सकता है।''

''मनुष्य की सभी समस्याओं का सच्चा समाधान तो मानव की बाह्य भौतिक परिस्थितियों में न हो कर उसके अंदर विद्यमान है,सभी दोषों का सच्चा तथा स्थायी समाधान केवल मानव के आंतरिक एवं सामूहिक परिवर्तन में खोज जा सकता है।''

श्री माताजी ने कुंडलिनी जागरण की विधि खोजने के लिए मनुष्यों को सामूहिक आत्मसाक्षात्कार देने के लिए किए गए अपने अनवरत प्रयासों एवं अनुभवों की चर्चा विस्तार से की है-

''मैं जब छोटी थी तो मैंने अपनी माँ से कहा-''मैं तो ऐसा चाहूती हूँ माँ, कि दुनिया के हर आदमी का परमात्मा से एकाकार हो जाए, कम से कम कुछ तो हो जाए। '' तो मेरी माँ मुझसे कहतीं-''बेटी तू अगर एक से दूसरा भी बना ले तो मैं तुमको धन्य समझूँगी।''

और मेरे पति भी शुरु से मुझसे यह कहते थे-''तुम तो अवलिया हो लेकिन तुम दूसरों को अपना जैसा बनाने का प्रयत्न मत करो, ये बड़े पत्थर लांग हैं।''

''मैं जब छोटी थी तो अपने पिता से कहती थी कि मैं चाहती हूँ जेसे आकारश में तारे हैं ऐसे दुनिया में अनेक लोग तारे जैसे चमकें और परमात्मा का प्रकाश फैलायें।'''मेरे पिताजी कहने लगे हो सकता है तुम सामूहिक चेतना जागृत करने की व्यवस्था करो और कुछ भाषण मत दो कुछ लिखो नही, नही तो दूसरा बाइबिल तैयार हो जायेगा, दूसरा कुरान तैयार हो जायेगा और एक झगड़े की चीज शुरु हो जायेगी तो इससे पहले सामूहिक चेतना शुरु करो।''

''जब मैं जन्मी तो मैंने देखा कि पूरे विश्व में लोगों ने एक नई दिशा में जाना आरंभ कर दिया है, परमात्मा या आध्यात्मिकता पर विश्वास करने के स्थान पर वे धन और सत्ता में विश्वास करने लगे है। इस संकट की घड़ी में मैं कहना चाहूँगी कि मरे पिताजी जो कि महान उन्नत आत्मा थे, मेरी सहायता को आए और उन्होंने पूछा-''तुम अपने जीवन का लक्ष्य जानती हो''? मैंने कहा-''मैं यह लक्ष्य जानती हूँ।'' तब उन्होंने कहा-'' तुम इमारत की सातवीं मंजिल पर खड़ी हो और वहाँ से पृथ्वी पर खड़े लोगों को देख रही हो। उन्हें किस प्रकार विश्वास होगा कि तुम सातवीं मंजिल पर हो ? यदि किसी तरह तुम उन्हें पहली या दूसरी मंजिल तक भी उठा दो तो वे सोचने लगेंगे कि कोई उच्च अवस्था है जिसे उन्होंने प्राप्त करना है। ''

''मेरे पिताजी ने आगे समझाया-''कोई भी खोज जो व्यक्तिगत है उसे सामूहिक तक लाना होगा अन्यथा वह अर्थहीन है, उसमें कोई लाभ न होगा''मैंने उन्हें बताया''मैं जानती हूँ कि मेरा कार्य एक ऐसी विधि खोजना है जिसके द्वारा वास्तव में सामूहिक आत्मसाक्षात्कार दिया जा सके। '' यह सुनकर वे बहुत प्रसन्न हुए।

इस प्रकार मैंने बहुत से मनुष्यों पर कार्य आरंभ किया। पिताजी के साथ मेरा जीवन बहुत से सामाजिक संबंधों से पूर्ण था क्योंकि वे महान स्वतंत्रता सेनानी थे और बाद में वे संविधान सभा, केन्द्रिय सभा के सदस्य बन गए। उनके बहुत से मित्रों, उनकी पत्नियों और बच्चों से मैं मिली और अपने सूक्ष्म ढंग से देख पाई कि उनकी गतिहीन स्थिति के लिए कौन सी समस्यायें जिम्मेदार हैं। मानक की समस्याओं को खोजना एवं इन पर शोध करना मैंने आरंभ कर दिया।

(शेष अगले अंक में)



## हरतालिका तीज व्रत की तिथि कब से कब

पंचांग में बताया गया है कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि की शुरुआत 5 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से होगी और वहीं इस तिथि का समापन 6 सितंबर को दोपहर 3 बजकर 21 मिनट पर होगा।

**हरतालिका तीज व्रत में इन बातों का रखें ध्यान**

हरतालिका तीज व्रत में महिलाएं निर्जला उपवास रखते हुए लंबी आयु की कामना के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। इस दिन व्रती महिलाओं को कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए।

हरतालिका तीज का व्रत करने वाली महिलाओं को गलती से क्रोध नहीं करना चाहिए। अगर वे ऐसा करती हैं तो उनका व्रत अधूरा माना जाएगा।

हरतालिका तीज का व्रत रखने का संकल्प करने के बाद भूल से भी यह व्रत तोड़ना नहीं चाहिए। ऐसा करने से सौभाग्यशाली स्त्रियों को अशुभ परिणाम प्राप्त होते हैं।

व्रत रखने वाली महिलाओं को रात्रि में सोना नहीं चाहिए और पूरी रात में जागरण करते हुए भगवान शिव की कथा, स्त्रोत का पाठ करना चाहिए।

पति की दीर्घायु के लिए व्रत करने वाली महिलाओं को इस दिन व्रत करते हुए पति से झगड़ा नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से भगवान शिव उनसे नाराज होते हैं और व्रत के अशुभ परिणाम प्राप्त होते हैं।

हरतालिका तीज का व्रत रखने वाली महिलाओं को इस दिन काले रंग से परहेज करना चाहिए। काले रंग की चूड़ियां और कपड़े पहनने से बचना चाहिए।

इस दिन महिलाओं को घर के बड़े बुजुर्गों का भूलकर भी अपमान नहीं करना चाहिए। बल्कि उनके पैर छूकर व्रत करने का संकल्प लेना चाहिए।

**हरतालिका तीज व्रत में पति भी इन बातों का रखें ध्यान**

हरतालिका तीज व्रत महिलाओं पति के बेहतर स्वास्थ्य और उनकी दीर्घायु के लिए करती हैं। ऐसे में पतियों को भी चाहिए कि अपनी पत्नी के लिए सुहाग का सामान, आभूषण, नए वस्त्र आदि लाकर उन्हें उपहार में दें। ऐसा करने से उनका दांपत्य जीवन खुशहाली से भरा रहता है।

हरतालिका तीज पतियों को भी घर में तामसिक वस्तुओं सेवन नहीं करना चाहिए। इस दिन भूलकर भी शराब, मांस मछली, अंडा, लहसुन और प्याज का प्रयोग न करें।

हरतालिका तीज व्रत के दिन पतियों को संयम के साथ हर मामले में पत्नी का सहयोग करना चाहिए। इस व्रत में मन, वचन और कर्म की शुद्धता सबसे ज्यादा मायने रखती है।

# 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी, गणेश पूजन सामग्री की पूरी लिस्ट ताकि बप्पा की पूजा में ना आए विघ्न

भाद्रपद मास की चतुर्थी तिथि को हर वर्ष धूमधाम से गणेश चतुर्थी तिथि का पर्व मनाया जाता है और इस बार यह पर्व 7 सितंबर को मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी के आने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं, ऐसे में गणेश पूजन की लिस्ट अभी से जान लीजिए, ताकि पूजन के समय कोई भी चीज रह ना जाए, जिससे में पूजन में किसी भी तरह का विघ्न आए। आइए जानते हैं गणेश चतुर्थी पूजन सामग्री लिस्ट...



7 सितंबर दिन शनिवार से गणेश चतुर्थी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है, यह पर्व हर साल भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से 10 दिनों तक गणेश उत्सव मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गणेशजी के जन्मोत्सव को गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भगवान गणेश के विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है। 10 दिनों तक भगवान गणेश को घर में रखकर उत्सव मनाया जाता है और भक्त बप्पा की खूब सेवा भी कर सकते हैं। गणेश चतुर्थी का पर्व आने में अब कुछ ही दिन बचे हैं, ऐसे में अभी से पूजा में काम आने वाली सामग्री लिस्ट के बारे में जान लीजिए, ताकि पूजा के दौरान कोई भी चीज रह ना जाए। आइए जानते हैं पूजन सामग्री लिस्ट...

### 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी का पर्व

चतुर्थी तिथि का आरंभ – 6 सितंबर, दोपहर 3 बजकर 1 मिनट से आरंभ

चतुर्थी तिथि का समापन – 7 सितंबर, शाम 5 बजकर 36 मिनट पर समापन

उदया तिथि को ध्यान में रखते हुए 7 सितंबर दिन शनिवार को गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा।

गणेश पूजन स्थापना मुहूर्त

गणेशजी की पूजा दोपहर के समय की जाती है क्योंकि मान्यता है कि दोपहर के समय ही गणेशजी का प्राकट्य हुआ था। 7 सितंबर को आप गणेशजी की स्थापना दोपहर 11 बजकर 3 से 1 बजकर 34 मिनट तक कर सकते हैं।

### गणेश चतुर्थी पूजन सामग्री लिस्ट

भगवान गणेश के पूजन के लिए गणेशजी की प्रतिमा, फिर वह चाहें मिट्टी, स्वर्ण, चांदी, पीतल आदि की ही क्यों ना हो, अपने सामग्री में जोड़ लें।

हल्दी, कुमकुम, सुपारी, सिंदूर, गुलाल, लौंग, लाल रंग का वस्त्र, जनेऊ का जोड़ा, दूर्वा, कपूर, दीप, धूप, पंचामृत, मौली, फल, पंचमेवा, गंगाजल, कलश, फल, नारियल, लाल चंदन, मोदक हैं।

अष्टगंध, दही, शहद, गाय का घी, शक्कर, गणेशजी के लिए फूल की माला, केले के पत्ते, गुलाब जल, दीपक बाती, चांदी का सिक्का।

गणेश पूजन में भगवान गणेश के 21 नाम का जप करना बहुत फलदायी माना जाता है। मान्यता है कि हर रोज इन 21 नाम का जप करने से जीवन के सभी दुख व कष्ट दूर हो जाते हैं।

### भगवान गणेश के 21 नाम का जप करें

गणञ्जयाय नमः, गं गणपतये नमः,गं हेरम्बाय नमः, गं धरणीधराय नमः,गं महागणपतये नमः, गं लक्षप्रदाय नमः, गं क्षिप्रप्रसादनाय नमः, गं अमोघसिद्धये नमः,गं अमृताय नमः, गं मंत्राय नमः, गं चिंतामणये नमः, गं निधये नमः, गं सुमङ्गलाय नमः, गं बीजाय नमः, गं आशापूरकाय नमः, गं वरदाय नमः, गं शिवाय नमः, गं काश्यपाय नमः, गं नन्दनाय नमः, गं वाचासिद्धाय नमः, गं ढुण्ढिविनायकाय नमः

# छप्परफाड़ कमाई से स्त्री 2 ने रचा इतिहास, तोड़ दिया 7 सालों का ये रिकॉर्ड

**भूतिया कंटेंट से लबरेज फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर सॉलिड शुरुआत ली। फिल्म अब तक कमाल का कलेक्शन करते हुए आगे बढ़ी है। सरकटे के आतंक के खौफ से सजी ये फिल्म दुनियाभर में एक जादुई आंकड़े को छूने से थोड़ी ही दूर है। अब तक कई फिल्मों के रिकॉर्ड ब्रेक कर चुकी स्त्री 2 ने एक और फिल्म को एक मामले में पीछे छोड़ दिया है।**




नई दिल्ली। धमाकेदार कंटेंट से भरी फिल्म स्त्री 2 ताबड़तोड़ बिजनेस से हर हफ्ते एक नया मुकाम हासिल कर रही है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। डोमेस्टिक कलेक्शन के साथ ही वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी ये मूवी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। वहीं, अब फिल्म ने एक नया मुकाम हासिल किया है।

### स्त्री 2 की कहानी की जा रही पसंद


मैडॉक फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी फिल्म स्त्री 2 में न सिर्फ श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की एक्टिंग ने लोगों का दिल जीता है, बल्कि तमन्ना भाटिया का सेंशुअस सॉन्ग भी वह वजह है , जिस कारण फिल्म लाइमलाइट में बनी हुई है। फिल्म को लेकर खास बात ये है कि घरेलू और वर्ल्डवाइड, दोनों ही साइड में इसने 500 करोड़ का आंकड़ा क्रॉस कर लिया है।

### स्त्री 2 ने तोड़ा इस फिल्म का रिकॉर्ड

स्त्री 2 फिल्म ने पहले पार्ट यानी स्त्री का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें, तो ये मूवी वॉर, एक था टाइगर, धूम 3 जैसी कई फिल्मों को पहले ही पीछे छोड़ चुकी थी और अब इसने सात सालों से 500 करोड़ क्लब में राज कर रही बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

मेकर्स ने फिल्म का डाटा शेयर किया है। स्त्री 2 फिल्म ने दुनियाभर में 593 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। 18वें दिन फिल्म के अकाउंट में 48.7 करोड़ और जुड़े हैं। इस लिहाज से मूवी ने तीसरे वीकेंड में 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली बाहुबली 2 को इस मामले में पीछे छोड़ दिया है।

दरअसल, बाहुबली 2 फिल्म ने तीसरे वीकेंड में 500 करोड़ क्लब में एंट्री ली थी। उस फिल्म का इतने समय में जो कलेक्शन, उसके सात साल के रिकॉर्ड को स्त्री 2 फिल्म ने तोड़ दिया है।



# बड़े दिल वाले आनंद महिंद्रा, शानदार प्रदर्शन पर शीतल देवी को दिया तोहफा



**पेरिस में चल रहे पैरालंपिक गेम्स में तीरंदाज शीतल देवी ने क्वालिफायर राउंड में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया है। इससे खुश होकर आनंद महिंद्रा ने उन्हें खास कस्टमाइज कार तोहफे में देने की घोषणा की है। हालांकि ये पहली बार नहीं जब आनंद महिंद्रा ने उन्हें तोहफे में कार दी है, शीतल देवी को वो पहले भी ये वादा कर चुके हैं।**

### आनंद महिंद्रा का बड़ा तोहफा


पैरिस 2024 पैरालंपिक गेम्स में शीतल देवी ने क्वालिफायर्स में ही रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन किया है। शीलत देवी और राकेश कुमार ने इटली को हराकर मिक्स्ड टीम कंपाउंड ओपर स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। शतल देवी के टैलेंट को देख आनंद महिंद्रा बहुत प्रभावित हो गए हैं।

### पिछले साल भी किया था वादा

आनंद महिंद्रा ने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में शानदार प्रदर्शन पर शीतल देवी को तोहफे में कार देने का वादा किया है। ये पहली बार नहीं है जब आनंद महिंद्रा ने ये वादा किया है। इससे पहले पिछले साल हुए एशियन पैरा गेम्स में भी शीतल ने 3 पदक जीते थे।

### महिंद्रा थार रॉक्स एसयूवी

महिंद्रा ऑटोमोटिव ने हाल में नई थार रॉक्स एसयूवी लॉन्च की है जो असल में 3 दरवाजों वाली स्टैंडर्ड थार का 5 दरवाजों वाला मॉडल है। इसकी शुरुआती एक्सशोरूम कीमत 12.99 लाख रुपये है और दिखने में ये लगभग स्टैंडर्ड मॉडल जैसी ही है।



### 18 की होने पर लेंगी कार

शीतल देवी ने आनंद महिंद्रा के ऑफर पर बहुत शालीनता से ये जवाब दिया था कि वो 18 की होने पर कार ले लेंगी। इस बार तो आनंद महिंद्रा ने शीतल देवी को कहा है कि उनके पूरे कार लाइनअप में से कोई भी कार चुन सकती हैं, वो इसे खास तौर पर कस्टमाइज कराएंगे।

### कौन सी कार चुनेंगी

महिंद्रा के कार लाइनअप में बहुत सी शानदार कारें मौजूद हैं, लेकिन शीतल देवी के लिए उनकी चुनी कार को कस्टमाइज कराना होगा। ऐसे में महिंद्रा स्कॉर्पियो एन में उनके लिए कस्टमाइजेशन बहुत अच्छी तरह किया जा सकता है। ये बहुत आरामदायक एसयूवी है।

### सबको देते हैं तोहफे

आनंद महिंद्रा बड़े दिल वाले बिजनेसमैन हैं और जो भी देश का नाम रोशन करता है, ये उन्हें शानदार कारें तोहफे में देते रहते हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा ही काम किया है। शीतल देवी 2025 में 18 साल की हो जाएंगी, तब उन्हें उनकी पसंद की कार तोहफे में दी जाएगी।



# उन्नत तरीकों से खेती-किसानी में है मुनाफा ही मुनाफा

## रघुवीर ने स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली से खेती कर एक साल में कमाये दस लाख रूपये

**सोच बड़ी होनी चाहिए। रास्ते अपने आप मिलते चले जाते हैं। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती। ऐसे ही प्रगतिशील विचार लिये किसान रघुवीर सिंह ने पुरानी खेती-बाड़ी में कुछ नया करने का सोची। पहले कुछ संकोच भी हुआ कि यदि नये ढंग से खेती सफल न हुई, तो परिवार कैसे पालेंगे। पर रघुवीर सिंह ने जोखिम उठाया और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से खेती करने लगे। नई सोच, नया सबेरा लेकर आती है। रघुवीर को भी अपनी प्रगतिशीलता का लाभ मिला। उन्होंने स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से एक हेक्टेयर में लहसुन की खेती की। मात्र एक हेक्टेयर में लहसुन की फसल से ही रघुवीर सिंह को अंतत- 10 लाख रूपये का शुद्ध मुनाफा हुआ। पानी की बचत हुई, सो अलग।**



फसल मुनाफे की यह कहानी नीमच जिले की है। रघुवीर सिंह एक साधारण किसान हैं। नीमच के समीप आंवलीखेडा गांव में रहते हैं। गांव के अन्य किसानों की तरह पहले वे भी पुराने तौर-तरीकों से खेती करते थे। पर अब उन्होंने खेती-बाड़ी के पुराने तरीकों को त्याग दिया है। नई सोच अपनाकर वे स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली से खेती करके और किसानों के लिये नजीर पेश कर रहे हैं।

वर्ष 2022-23 में रघुवीर सिंह ने मिनी स्प्रिंकलर संयंत्र के लिये उद्यानिकी विभाग से संपर्क किया।पर ड्राप-मोर क्राप योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग ने रघुवीर सिंह को 51 हजार रूपये का अनुदान दिया और उसके खेत में स्प्रिंकलर संयंत्र स्थापित कराने में मदद भी की। स्प्रिंकलर लगाने के बाद रघुवीर को तीन तरह से बचत होने लगी। पानी बचने लगा। सिंचाई के लिये मजदूर भी नहीं लगाने पड़े, इससे पैसों की बचत हुई। लहसुन की फसल में कीट प्रकोप की भी रोकथाम हो गई। साथ ही लहसुन की क्वालिटी भी अच्छी हुई। बड़े आकार का लहसुन उत्पादन देखकर रघुवीर सिंह गद्गद हो गये। एक हेक्टेयर में 130 क्विंटल लहसुन हुआ। नीमच मंडी में ले जाकर बेचने पर रघुवीर को कुल 13 लाख रूपये मिले। फसल लागत घटाने पर रघुवीर को अविश्वनीय रूप से 10 लाख रूपये शुद्ध मुनाफा हुआ। रघुवीर के मुनाफे से प्रेरित होकर अब दूसरे किसान भी स्प्रिंकलर से सिंचाई पद्धति से जुड़ने लगे हैं। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने में यह पद्धति बाकई कारगर साबित हो रही है।




# प्रदेश के 125 सीएम राईज स्कूलों में निःशुल्क परिवहन सेवा

### करीब 70 हजार विद्यार्थियों को मिल रही है सुविधा

**स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये विभिन्न जिलों में पहले चरण में 275 सीएम राईज स्कूल शुरू किये है। इनमें से 125 सीएम राईज स्कूलों में 70 हजार विद्यार्थियों को निःशुल्क परिवहन सेवा की सुविधा दी जा रही है। निःशुल्क बस परिवहन सेवा 5 से 20 किलोमीटर के दायरे में स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को दी जा रही है। प्रदेश में संचालित सीएम राईज स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास के लिये वर्ल्ड क्लास सेवायें दी जा रही है।**

भोपाल संभाग के 38 सीएम राईज स्कूल के 18 हजार 399, नर्मदापुरम् संभाग के 14 स्कूल के 5 हजार 130, उज्जैन संभाग के 39 स्कूल के 30 हजार 34, इंदौर संभाग के 28 स्कूल के 12 हजार 278 विद्यार्थियों को इस निःशुल्क बस परिवहन सेवा का लाभ दिया जा रहा है। सिंगरौली जिले के 4 स्कूलों के 2 हजार 876, कटनी के एक स्कूल के 732 और ग्वालियर जिले में डबरा के एक स्कूल के 475 विद्यार्थियों को निःशुल्क परिवहन सेवा का लाभ मिल रहा है। निःशुल्क परिवहन सेवा के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने संचालित बसों के लिये प्रायवेट बस ऑपरेटर्स से अनुबंध किया है। संचालित बसों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिये व्यापक इंतजाम भी किये गये हैं।



# इंदौर-मनमाड़ के बीच 309 किमी लंबी नई रेल लाइन मंजूर

## 6 जिलों की 30 लाख की आबादी पहली बार अपने इलाके में ट्रेन देखेगी

**इंदौर-मनमाड़ के बीच 309 किलोमीटर नई लंबी रेल लाइन डाली जाएगी। इसकी घोषणा सोमवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद कर दी गई। इससे मध्य प्रदेश के 4 और महाराष्ट्र के 2 जिलों से होकर गुजरेगी। 30 लाख की आबादी आजादी के बाद पहली बार अपने क्षेत्र में ट्रेन देख सकेगी।**

मध्य प्रदेश के तीन जिले धार और बड़वानी ट्रेन रूट से पूरी तरह कटे हुए हैं। जहां आजादी के बाद पहली बार ट्रेन चलेगी। यह रूट आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे की लाइन के पेरेलल कुछ दूरी से घुमाकर निकाला जाएगा। प्रोजेक्ट पर कुल 18,036 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 2029 की डेडलाइन तय की है। प्रोजेक्ट पूरा होने पर 26 एमटीपीए (मिलियन टन प्रति वर्ष) की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। नए प्रोजेक्ट के तहत 30 नए स्टेशन बनाए जाएंगे।

### नई लाइन की 5 बड़ी बातें

1. महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आने वाले महाराष्ट्र, दक्षिण और निमाड़ के लोगों के लिए सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी।
2. नासिक के प्याज और अंगुर जैसे उत्पाद सीधे इंदौर आ सकेंगे। निमाड़ की मक्का और ज्वार को ट्रांसपोर्टेशन आसान।
3. इंदौर या उज्जैन से मुंबई जाने के लिए करीब 200 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी।
4. धार, खरगोन, बड़वानी, नासिक, धुले की 30 लाख आबादी पहली बार ट्रेन से सीधी जुड़ जाएगी।
5. पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया सीधे मुंबई से जुड़ने से यहां की बड़ी कंपनियों को बाय रोड ट्रांसपोर्टेशन नहीं करना पड़ेगा।

इंदौर से सीधे महाराष्ट्र तरफ जाने के लिए लाइन नहीं

इंदौर से मुंबई की सीधी कनेक्टिविटी इस नई लाइन से पहली बार हो सकेगी। अभी तक इंदौर से मुंबई के लिए सीधा कोई रूट नहीं है। अभी मुंबई जाने के लिए खंडवा या फिर भोपाल होते हुए जाना पड़ता है। इंदौर से सनावद, ओंकारेश्वर पुरानी लाइन थी जो नवीनीकरण के कारण बंद पड़ी है। अभी यहां केवल पातालपानी टूरिस्ट ट्रेन चल पा रही है। बाकी पूरा रूट बंद है।



### धार जिले में यह तीसरी तो बड़वानी में पहली लाइन होगी

इस लाइन का सीधा फायदा इंदौर संभाग के तीन बड़े आदिवासी बहुल जिलों को होगा। बड़वानी ऐसा जिला है, जहां से कोई ट्रेन नहीं गुजरती, न कहीं लाइन है। धार जिले में दाहोद-इंदौर लाइन का काम चल रहा है। इसके अलावा छोटा उदेपुर लाइन भी प्रस्तावित हुई थी। अब मनमाड़ की नई लाइन धार जिले से होकर जाने पर धार जिले के यह तीसरा रेल प्रोजेक्ट होगा। अभी इन दोनों जिलों में केवल बस या निजी वाहन ही एक से दूसरे शहर जाने के लिए साधन हैं।



# इंदौर में सितम्बर में जोरदार बारिश के आसार

## आज भी तेज बारिश का अलर्ट, अब तक 30 इंच बारिश रिकॉर्ड

**इंदौर में सितंबर के दूसरे दिन सुबह से बादल छाए हैं। जबकि पहले ही दिन दोपहर में जमकर पानी बरसा। करीब एक घंटे में एक इंच से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। तेज बारिश से कई इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया। सितंबर के शुरुआती 10 दिन इसी तरह पानीदार रहने वाले हैं। कारण यह है कि बंगाल की खाड़ी में बना एक सिस्टम पश्चिमी मध्यप्रदेश में सक्रिय है। यह 4 सितंबर तक असर दिखाएगा। फिर 6 सितंबर से एक और सिस्टम सक्रिय हो जाएगा। लगातार 5वां साल ऐसा होगा, जब औसत से अधिक बारिश तय होने जा रही है।**

अभी सीजन की 30 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि पिछले साल इस दौरान 25 इंच ही बारिश हुई थी। हालांकि पिछले साल सितम्बर के दूसरे हफ्ते में जोरदार बारिश हुई थी। तब 30 घंटों में करीब 11.8 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इसने 61 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। पिछले साल सितम्बर के आखिरी हफ्ते सीजन की बारिश 44 इंच दर्ज हुई थी।

### सितम्बर माह का मिजाज और अभी की स्थिति

बारिश के सीजन के लिए जून, जुलाई और अगस्त महीने खास होते हैं, जबकि सितम्बर में मानसून कमजोर पड़ने लगता है। सितम्बर माह की औसत बारिश 6.5 इंच मानी जाती है। इस माह बारिश के औसत 7 दिन होते है। हालांकि इंदौर को औसत बारिश का कोटा पूरा करने के लिए अभी सिर्फ 6 इंच की जरूरत है। इस बार खास यह कि पहले हफ्ते में तेज बारिश के संकेत हैं। अगर ऐसा होता है तो संभव है कि पहले हफ्ते में ही कोटा पूरा हो जाएगा।

### पिछले साल सितंबर में 20.3 इंच बारिश हुई थी शहर में

बारिश के लिए जुलाई और अगस्त का महीना मुख्य रहता है, लेकिन भादौ यानी सितंबर 3 साल से जुलाई-अगस्त के मुकाबले अधिक पानीदार रहा है। 10 सालों में 2023 के सितंबर में सर्वाधिक 20.3 इंच पानी बरसा था।

### 2015 को छोड़ बाकी सालों के सितंबर भी रहे पानीदार

10 साल के सितंबर का रिकॉर्ड देखें तो पिछले साल 17 सितंबर को 24 घंटे में 5.6 इंच पानी बरसा था। वहीं 2015 को छोड़ दिया जाए तो बाकी के सालों के सितंबर में ऐसा भी हुआ है जब दिनभर में औसत 2 से 4 इंच तक भी बारिश 24 घंटे में हुई है। दशक में सर्वाधिक 24 घंटे की बारिश का रिकॉर्ड 2023 का ही है।

## इंदौर में डिस्पोजल में चाय को लेकर नाराज हुए मेयर

# तीन दिनों में हटा लें डिस्पोजल अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई; गंदगी पर एनजीओ को लगाई पेनल्टी



**मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने सोमवार को विधानसभा चार के जोन-2 के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था और विकास कामों का निरीक्षण किया। उन्होंने चाय बेचने वालों को 3 दिन का समय दिया कि वे डिस्पोजल हटा लें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। सफाई से जुड़े मुद्दों को लेकर एनजीओ द्वारा अनदेखी करने पर पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए।**

### बिना सूचना छुट्टी पर गए जेडओ के खिलाफ खिलाफ कार्रवाई

मेयर ने सुबह मालगंज, राजमोहल्ला, सब्जी मंडी, इतवारिया बाजार, बियाबानी, नलिया बाखल, कपड़ा बाजार, एमटी क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार आदि स्थानों का दौरा किया। उन्होंने राज मोहल्ला सब्जी मंडी में फैली अव्यवस्था और गंदगी को देखकर नाराजगी जाहिर की। साथ ही बिना सूचना के छुट्टी पर गए जोन-2 के जोनल ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। ऐसे ही काम में लापरवाही बरतने वाले दरोगा को हाजिरी मुक्त करने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि बिना सूचना के छुट्टी पर जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीएसआई (सफाई निरीक्षक) को कचरा फैलाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इतवारिया बाजार में सड़क मार्ग के बीच में लगी डीपी को भी जल्दी शिफ्ट करने के लिए कहा गया। इसके साथ ही कपड़ा मार्केट के टॉयलेट की गंदगी को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई।

मार्केट अध्यक्ष ने मेयर से कचरा फैलाने वालों पर कठोर चालानी कार्रवाई करने की अपील की। मेयर ने अधिकारियों से कहा कि चाय बेचने वालों को 3 दिन का समय दिया जाए ताकि वे डिस्पोजल हटा लें। अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सफाई से जुड़े मुद्दों को लेकर एनजीओ द्वारा अनदेखी करने पर महापौर ने पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए। कपड़ा मार्केट में बनी स्मार्ट पार्किंग को लेकर मार्केट अध्यक्ष से कहा कि व्यापारियों को पास जारी किए जाए ताकि वे अपनी गाड़ियां पार्किंग में ही खड़ी करें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा)